लीलावती हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर को मिला प्रतिष्ठित जेसीआई 'गोल्ड सील ऑफ अप्रूवल'

मुंबई। लीलावती हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (एलएचआरसी) ने प्रतिष्ठित ज्वाइंट कमिशन इंटरनेशनल का 'गोल्ड सील ऑफ अप्रूवल' प्राप्त किया है। यह मान्यता मरीजों की सुरक्षा, उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाओं और संस्थागत प्रबंधन के लिए दुनिया भर में माना जाने वाला सर्वोच्च मानक है। 8 से 12 दिसंबर 2025 के बीच तीन अंतरराष्ट्रीय सर्वेक्षकों द्वारा किए गए कड़े मूल्यांकन के बाद यह सफलता मिली है। इसके

साथ ही लीलावती अस्पताल अब दुनिया के उन चुनिंदा अस्पतालों की श्रेणी में शामिल हो गया है, जो वैश्विक स्तर की बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाओं का पालन करते हैं। जेसीआई मान्यता अस्पताल की मरीज-केंद्रित देखभाल, क्लीनिकल उत्कृष्टता, निरंतर गुणवत्ता सुधार और स्टाफ के सशक्तिकरण के प्रति समर्पण को प्रमाणित करती है। मूल्यांकन के दौरान मरीजों के इलाज तक पहुंच, सर्जरी सुरक्षा, दवा प्रबंधन, संक्रमण नियंत्रण, प्रशासनिक व्यवस्था, सुविधाओं का प्रबंधन और गुणवत्ता की निगरानी जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं की गहराई से समीक्षा की गई।